ई मेल से

भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो
खान नियंत्रक (उत्तर ) कार्यालय

Government of India
Ministry of Mines
Indian Bureau of Mines
Office of Controller of Mines
(North Zone)

142-सी, सेक्टर- 11, हिरण मगरी, उदयपुर- 313001 (राजस्थान)

पत्रावली संख्या: E-12012/1/2023-NZ-IBM - NZ उदयपुर, दिनांक: /07/2026

सेवा में : राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
नागपुर

विषय: राजभाषा हिंदी की प्रथम तिमाही (अप्रैल-2026 से जून-2026 तक) की एक दिवसीय कार्यशाला की रिपोर्ट।

महोदय,

राजभाषा अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर के निर्देशानुसार दिनांक 23/06/2026 को खान नियंत्रक (उत्तर क्षेत्र), भारतीय खान ब्यूरो, उदयपुर के कार्यालय में प्रथम तिमाही (अप्रैल-2026 से जून-2026 तक) की एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम श्री. अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक (उत्तरी क्षेत्र) द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात, श्री अजिंक्य प्रतापराव भाके, सहायक खान नियंत्रक एवं हिंदी संपर्क अधिकारी द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया।

कार्यशाला के दौरान, श्री. अभय अग्रवाल, खान नियंत्रक (उत्तरी क्षेत्र) द्वारा बताया कि राजभाषा संबंधी संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति हेतु इस प्रकार के प्रयत्न अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं, जो विभागीय कार्मिकों को भाषा के प्रति संवेदनशीलता, सक्रियता एवं उत्तरदायित्व का बोध कराते हैं। हमें अपनी मातृभाषा पर कार्य करने मे गर्व महसूस करना चाहिए। अभी तक सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा हिंदी में किये गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए, सभी को हिंदी में इसी तरह काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री दिलीप पँवार, निजी सचिव द्वारा राजभाषा के प्रबंधन और निरीक्षण विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमे उनके द्वारा राजभाषा निरीक्षण के उद्देश्य, निरीक्षण के विभिन्न स्तर और प्रबंधन और निरीक्षण को प्रभावी बनाने के उपायों के बारे मे बताया गया।

श्री मनीष गुप्ता, सहायक खान नियंत्रक द्वारा भाषा की शुद्धता एवं वर्तनी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमे उनके द्वारा अशुद्ध वर्तनी के प्रमुख कारण, वर्तनी की दृष्टि से सामान्य अशुद्धियाँ और भाषा की शुद्धता और वर्तनी सुधारने के उपायों के बारे मे बताया गया।

श्री दीपक शर्मा, सहायक द्वारा हिन्दी कम्प्यूटिंग एवं तकनीकी उपकरण विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमे उनके द्वारा हिंदी कंप्यूटिंग का इतिहास और यूनिकोड, प्रमुख तकनीकी उपकरण और सॉफ्टवेयर और हिन्दी कम्प्यूटिंग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

श्री रेड्डी राजुला प्रणय, सहायक खनन अभियंता द्वारा हिन्दी के प्रयोग मे चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमे उनके द्वारा हिन्दी के प्रयोग में प्रशासनिक और कानूनी स्तर पर आने वाली चुनौतियाँ और इन चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान के बारे मे बताया गया।

राजभाषा हिंदी कार्यशाला में उपस्थित व्याख्यानकर्ताओं का, सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का श्री अमन मीना, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी द्वारा धन्यवाद करते हुए एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का समापन किया गया।

इस अवसर पर लिये गए छाया चित्र इस रिपोर्ट के साथ संलग्न कर प्रेषित हैं।

सलग्नः यथोपरि

भवदीय

Digitally signed by
Abhay Agrawal
Date: 07-07-2026
19:40:34

(अभय अग्रवाल)
खान नियंत्रक (उत्तर)
भारतीय खान ब्यूरो

# एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान लिए गए छाया चित्र



खान नियंत्रक (उत्तरी क्षेत्र) द्वारा दीप प्रज्वलन



श्री दिलीप पँवार, निजी सचिव द्वारा राजभाषा के प्रबंधन और निरीक्षण विषय पर व्याख्यान




खान नियंत्रक (उत्तरी क्षेत्र) द्वारा उद्बोधन



कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य




श्री मनीष गुप्ता, सहायक खान नियंत्रक द्वारा भाषा की शुद्धता एवं वर्तनी विषय पर व्याख्यान




श्री दीपक शर्मा, सहायक द्वारा हिन्दी कम्प्यूटिंग एवं तकनीकी उपकरण विषय पर व्याख्यान